स्वच्छ भारत

कार्यालय जिला पंचायत, नारायणपुर (छ0ग0)

दूरभाष :- 07781-252288 फैक्स 07781-252287, Email : ceozpnarayanpur@gmail.com

-:: प्रेस विज्ञप्ति ::-

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रमांक/पंचा-1081/ पंग्राविवि/22/2015/135, नया रायपुर दिनांक 31.03.2015 के निर्देशानुसार जिले के नवीन ग्राम पंचायतों हेतु स्वीकृत पंचायत कर्मी/सचिव पद पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक योग्य उम्मीद अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर में दिनांक 15.07.2015 समय सांय 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। व्यक्तिगत रूप से आवेदन आवेदन का प्रारूप व शैक्षणिक योग्यता संबंधित विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट **www.narayanpur.gov.in** तथा जिला पंचायत की वेबसाईट **www.zpnarayanpur.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पटल/जनपद पचायतों के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

01/7/15

आदेशानुसार

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

जिला पंचायत नारायणपुर

पृ.क्र./ 1143 /जि.प./स्था./2015–16 नारायणपुर दिनांक 01.07.2015

प्रतिलिपि :–

1. जिला सूचना अधिकारी, NIC नारायणपुर उक्त विज्ञापन को जिले की वेबसाईट **www.narayanpur.gov.in** पर अपलोड करने हेतु (विज्ञापन में PDF में)
2. सहायक जनसंपर्क अधिकारी, जिला नारायणपुर को सूचनार्थ कर, लेख है कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को प्रचलित समाचार पत्र में प्रकाशित करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

स्वच्छ भारत

कार्यालय जिला पंचायत, नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

दूरभाष :– 07781-252288 फैक्स 07781-252287, Email : ceozpnarayanpur@gmail.com

–:: विज्ञापन ::–

क्रमांक / 1142 / जि.पं. / स्था. / 2015–16 नारायणपुर दिनांक 01.07.2015

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय रायपुर के आदेश कमांक / पंचा–1081 / पंग्राविवि / 22 / 2015 / 135, नया रायपुर दिनांक 31.03.2015 के निर्देशानुसार जिले अंतर्गत नवीन ग्राम पंचायतों हेतु स्वीकृत पंचायत कर्मी / सचिव पद पर भर्ती हेतु (वेतनमान 3500–10000 ग्रेड वेतन 1100 रूपये एवं शासन द्वारा समय–समय पर देय अन्य भत्ते) की निर्धारित सेवा शर्तो के अधीन निर्धारित अर्हता एवं योग्यता रखने वाले **नारायणपुर जिले के मूल निवासी** हेतु दिनांक 15.07.2015 तक 5.30 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र मात्र रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नारायणपुर, जिला नारायणपुर के पद नाम से प्रेषित किया जावे। विज्ञापित पद का विवरण निम्नानुसार है :–

ग्राम पंचायत सचिव हेतु रिक्त पदों की गणना

क.	जिला पंचायत का नाम	रिक्त पदों की संख्या	अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जाति	अनारक्षित
1	2	3	4	5	6
1	नारायणपुर	29	मुक्त – 14 महिला –08 भू.पू.सैनिक –03 विकलांग –02	मुक्त –01	मुक्त –01
योग			**27**	**01**	**01**

सामान्य अर्हता एवं शर्तें :–

1. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता हायर सेकेण्डरी (10+2) बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।
2. विज्ञापन प्रकाशित तिथि को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष होना आवश्यक है। अजा / अजजा / अपिव / निःशक्तजन तथा महिला उम्मीदवारों को राज्य शासन द्वारा अधिसूचित निर्देशानुसार आयु सीमा में छूट की पात्रता होगी।
3. आरक्षित वर्ग के पदों के लिये संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
4. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो या दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।
5. आवेदक को नारायणपुर जिले का मूल निवासी होना आवश्यक होगा। सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होंगा।

6. जिला पंचायत नारायणपुर द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होंगा। आवेदन पत्र के साथ स्वयं की पासपोर्ट साईज की फोटो शैक्षणिक अर्हता, योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों को स्व–प्रमाणितकृत प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला पंचायत नारायणपुर एवं संबंधित जनपद पंचायतों के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

7. ग्राम पंचायत सचिव पद के चयन हेतु निर्धारण निम्नानुसार होगा :–

(a) उम्मीदवार के हायर सेकेण्डरी परीक्षा के प्राप्त अंकों का – 65 प्रतिशत अंक।

(b) उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, अधिकतम 05 अंक।

(c) रोजगार सहायक के पद पर कार्य का अनुभव अधिकतम 30 अंक।
(प्रत्येक वर्ष 03 अंक के मान से अधिकतम 10 वर्ष का अंक, एक वर्ष – न्यूनतम 09 माह का कार्यानुभव)

8. पूर्व नियोजित किन्तु किसी आरोप के आधार पर पदच्युत किये गये कर्मी/कर्मचारी ग्राम पंचायत सचिव पर नियुक्ति हेतु अपात्र होंगे।

9. आवेदक को आवेदन करने की तिथि में रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है।

10. निःशक्जन उम्मीदवारों को निःशक्तता प्रमाण पत्र जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा तथा प्रमाण पत्र 3 वर्ष से अधिक कालातीत नही होना चाहिए।

11. आवेदक अपना आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा, पिन कोड सहित दो लिफाफा भी संलग्न करेंगे। जिसमें 5/– रूपये का टिकट चस्पा करेंगे। बंद लिफाफा के ऊपर '' ग्राम पंचायत सचिव हेतु आवेदन'' 2015 अंकित किया जावें।

12. चयनित ग्राम पंचायत सचिवों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में नियुक्त किया जावेगा, जिसे 05 वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा। पंचायत कर्मी के कार्य तथा उनके आचरण उपयुक्त पाये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा परिवीक्षा अविध हटाया जा सकेगा। यदि पंचायत सचिव का कार्य संतोषजनक नही पाया जाता है तो उसकी सेवा नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जावेगी।

13. नियुक्त ग्राम पंचायत सचिव छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 एवं छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के प्रावधानों से शासित होंगे।

14. उक्त विज्ञापित पदों की संख्या में आवश्यकता अनुसार कमी या वृद्वि की जा सकती है।

15. आवेदन पत्र अपूर्ण होने अथवा वांछित प्रमाण पत्र नही होने पर आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जावेगा।

16. किसी भी विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

17. आयु की गणना दिनांक 01.07.2015 के संदर्भ में की जाएगी।

18. आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए सामान्यतः हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल अथवा मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र। अन्य प्रमाण पत्र मान्य नही होंगे।

19. यह नियुक्ति माननीय न्यायालय द्वारा पारित रिट पीटिशन क्र. (सी) 591/2012,592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन होंगी।

20. शासकीय, अर्द्वशासकीय, स्वशासी संस्थानों में नियमित पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को अपने नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

21. आवेदक का आवेदन दिनांक 15.07.2015 को सायं 5.30 बजे तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत/स्पीड डाक से जिला पंचायत नारायणपुर में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए।

22. नियुक्ति आदेश के पूर्व समस्त मूल प्रमाण पत्रों की जांच सही पाये जाने पर नियुक्ति आदेश प्रदान किया जावेगा।

23. नियुक्ति के पश्चात् जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अयोग्य पाये जाने की स्थिति में नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।

01/11/15

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर, जिला – नारायणपुर (छ0ग0)

–:: ग्राम पंचायत सचिव पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप ::–

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत नारायणपुर

संदर्भ :– विज्ञापन कमांक.....दिनांक.....

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
3. लिंग (पुरूष/महिला) :.....
4. जन्म तिथि (अंकों में) वर्ष.....माह.....दिन.....
   (शब्दों में) :.....
5. विज्ञापन प्रकाशन तिथि की स्थिति में आयु वर्ष.....माह.....दिन.....
6. जाति/वर्ग (अजजा/अजा/अपिव/अनारक्षित) जाति.....वर्ग.....
   (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. क्या आवेदक जिला नारायणपुर का मूल निवासी है। .....
   (सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण की छायाप्रति संलग्न करें)
8. शैक्षणिक योग्यता की जानकारी

क.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि./संस्था कानाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	10 वीं						
2	12 वीं						
3	स्नातक						
4	स्नातकोत्तर						
5	अन्य						

9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन का विवरण

क) रोजगार कार्यालय का नाम :.....

ख) प्रथम पंजीयन कमांक व दिनांक :.....

ग) नवीनीकरण कराये जाने की तिथि :.....

घ) अगली नवीनीकरण कराए जाने की तिथि :.....

10. स्थायी पता :.....

:.....

:.....

11. पत्र व्यवहार का पूरा पता :.....

:.....

:.....

:.....

फोन / मोबाईल नम्बर :.....

12. अनुभव :–.....

यदि आप पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक पद का अनुभव रखते हो तो निम्न जानकारी देवें।

क्र.	पद का नाम	नियोक्ता का पदनाम व कार्यालय	कार्य का स्वरूप	कार्यावधि कब से कब तक	कुल अनुभव	शेष
1	2	3	4	5	6	7
1						
2						

टीप :– अनुभव संबंधी मूल प्रमाण पत्र संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त कर मूलतः संलग्न करें।

13. कार्यालय का विवरण :–.....

किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय सेवा में नियोजित सेवा की स्थिति में निम्न जानकारी दी जावें अन्यथा निरंक भरे।

क्र.	कार्यालय / संस्था	धारित पद	से	तक	कार्य की प्रकृति
1	2	3	4	5	6
1					
2					

टीप :– यदि किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय सेवा में नियोजित का अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

14. यदि आवेदक 40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्तता से बाधित हो तो निम्न जानकारी दी जावें

क.	निःशक्तता का प्रकार	निःशक्तता का प्रतिशत	मेडिकल बोर्ड का नाम जहां से विकलांग प्रमाण पत्र जारी किया है।	प्रमाण पत्र का कमांक व दिनांक	विशेष
1	2	3	4	5	6
1					
2					

टीप :– जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मूल प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें।

15. भूतपूर्व सैनिक है (हॉ/नही) :.....

(विवरण एवं पूर्व में लाभांवित नही होने के :.....

के संबंध में घोषणा पत्र संलग्न करें।) :.....

16. अन्य कोई जानकारी यदि हो तो :.....

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम.....

पता.....

.....

सहपत्र :–

1. हाई स्कूल सटिफिकेट अंकसूची की सत्यापित प्रति। ☐
2. हायर सेकेण्डरी सटिफिकेट अंकसूची की सत्यापित प्रति। ☐
3. निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति। ☐
4. आरक्षित प्रवर्ग के होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण की सत्यापित प्रति। ☐
5. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन की सत्यापित प्रति। ☐
6. स्नातक/स्तनाकोत्तर परीक्षा अंकसूची की सत्यापित प्रति। ☐
7. निःशक्त होने की स्थिति में मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति। ☐
8. नियोजित होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र की मूल प्रति। ☐
9. पांच रूपये डाक टिकिट सहित पता लिखा हुआ दो लिफाफा। ☐
10. भूतपूर्व सैनिक का विवरण एवं घोषणा पत्र। ☐
11. अन्य। ☐

घोषणा पत्र

मैं.....पिता/पति.....जाति.....उम्र.....
निवासी.....जिला नारायणपुर शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी व आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्र मेरे जानकारी व विवेक अनुसार सत्य एवं वैद्य है। यदि भविष्य में मेरे द्वारा प्रस्तुत जानकारी वह दस्तावेज असत्य, फर्जी अथवा कूटरचित पाये गये तो नियोक्ता को मेरी नियुक्ति निरस्त करने व अपराधिक प्रकरण दर्ज करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनांक..... आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान.....